# नामांकन प्रक्रिया

## नामांकन

स्व नामांकन की अनुमति नहीं है। प्रतिभागियों को उनके नियोक्ता द्वारा प्रायोजित करना आवश्यक है। नामांकन की स्वीकृति चयनित है तथा प्रयोजनमूलक दायित्व और सुसंगति पर नर्भर है। कार्यक्रमों की अध्यतन सूची हमारी वेबसाइट www.cab.rbi.org.in से प्राप्त की जा सकती है।

कार्यक्रम शुरु होने से 30 दिन पहले नामांकन करना चाहिए।योग्यता प्राप्त उम्मीदवारों को स्थान उपलब्धता के आधार पर प्रवेश दिया जाएगा इसलिये शीघ्र नामांकन को हम प्रोत्साहन देते है। नामांकन फॉर्म के लिए हमारी वेबसाइट www.cab.rbi.org.in देखे या cabacademic@rbi.org.in को लिखे ।

## शुल्क का भुगतान

कार्यक्रम आरंभ होने की तिथि से पहले कार्यक्रम शुल्क का भुगतान किया जाना चाहिए । नामांकन पत्र के साथ भुगतान का प्रमाण (NEFT UTR या डी डी सं) जोड़ा जाए। कार्यक्रम शुल्क का हर प्रतिभागी के लिए अलग अलग निम्नलिखित खाते में NEFT के माध्यम से भुगतान किया जाए। भारिबैं अधिनियम 1934 की धारा 48 के अनुसार भारतीय रिज़र्व बैंक को उसकी आय, लाभ पर आयकर या सुपर कर से छुट प्राप्त है। अत: नामांकन करनेवाली संस्था कार्यक्रम शुल्क पर स्रोत पर कर नहीं काटे।
भारत सरकार द्वारा जारी अधिसूचना संख्या 4/2022 - केंद्रीय कर (दर) दिनांक 13 जुलाई, 2022, राजस्व विभाग, वित्त मंत्रालय, के अनुसार 18 जुलाई, 2022 से आरबीआई द्वारा पर्दान की जाने वाली सेवाओं पर जीएसटी से छूट हटा दी गई है।

**खाता धारक का नाम :** Course Fee for College of Agricultural Banking, Pune
**खाते का प्रकार :** Current; **खाता क्रमांक :** 8711268; **बैंक का नाम :** RBI; **शाखा का नाम :** CAB, Pune
**IFS कोड:** RBISØPUPAØ1 (ø–झिरो)

NEFT भुगतान का ब्योरा (कार्यक्रम का नाम, सहभागी का नाम, सहभागी जहा काम कर रहा है उस बैंक/शाखा का नाम) ई–मेल (cabacademic@rbi.org.in) से भेजा जाए ।

## महाविद्यालय में रिपोर्ट करना

प्रायोजक संस्थाओं से अनुरोध है कि वे अपने द्वारा नामित अधिकारियों को महाविद्यालय में रिपोर्ट करने के लिए सूचित करने से पहले cabacademic@rbi.org.in से नामांकन की स्वीकृति संबंधी पुष्टीकरण प्राप्त कर लें ।

रिहायशी कार्यक्रम के लिए आनेवाले सहभागियों को कार्यक्रम प्रारंभ होने की तारीख से पहले एक दिन शाम से लेकर कार्यक्रम समाप्त होने के बाद उसके अगले दिन दोपहर 12.00 बजे तक होस्टल में कमरा उपलब्ध रहेगा । सहभागियों को तदनुसार अपनी यात्रा योजना तय करनी चाहिए। निर्धारित अवधि के बाद ठहरने की और साथ में आनेवाले परिवार के सदस्यों को अपने साथ ठहरने की अनुमति नहीं है।

## महाविद्यालय में कैसे पहुँचे

कृषि बैंकिंग महाविद्यालय, विद्यापीठ मार्ग पर, पुणे विश्वविद्यालय से लगभग 1 कि.मी. की दूरी पर स्थित है। वह ई स्क्वेयर मल्टीप्लेक्स और काकडे मॉल के पास है । महाविद्यालय परिसर से 15 की. मी. की परिधि में परिवहन के सभी महत्वपूर्ण बिंदु उपलब्ध हैं। महाविद्यालय में पहुँचने के रास्तों को समझने के लिए कृपया पिछले पुष्ठ पर दिया गया नक्शा देखें।

| | |
|---|---|
| पुणे एयरपोर्ट | लगभग 13 कि.मी. |
| पुणे रेल्वे स्थानक | लगभग 07 कि.मी. |
| पुणे मुंबई एक्स्प्रेस वे | लगभग 10 कि.मी. |